an>

Title: Menace caused by a tiger in Chikmanglur district in Karnataka.

श्री प्रकाश ब. हुक्केरी (चिक्कोडी) : महोदया, कर्नाटक के चिकमंगलूर डिस्ट्रिक्ट में फॉरेस्ट से एक टाइगर भागकर एक महिला और तीन प्राणियों को खा गया। उसके बाद फॉरेस्ट ऑफिसर और वहां के ग्रामवासी टाइगर को पकड़ कर फॉरेस्ट ऑफिसर के हवाले कर दिया। बाद में, फॉरेस्ट ऑफिसर उस टाइगर को बेलगाम डिस्ट्रीक्ट के खानापुर के फॉरेस्ट में छोड़ दिया। यह बड़ी अजीब बात है। भीमगढ़ फॉरेस्ट के खानापुर ताल्लुका में 10-12 विलेज आता है, तलवाड़े, गवली, देवगांव, पाली, ऐसे बहुत सारे विलेज आते हैं। वहां के लोग इतने घबराए हुए हैं कि वे बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। वे घर में बैठे हैं, कब टाइगर बाहर आ जाए। हमने एम.एल.ए. के साथ मिलकर मिनिस्टर को जाकर रिक्वेस्ट किया है मगर अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए मैं आपको रिक्वेस्ट कर रहा हूं। उस टाइगर को वहां से हटाया जाए, वह बड़ा फॉरेस्ट नहीं है, बल्कि छोटा फॉरेस्ट है। आप कर्नाटक और महाराष्ट्र का सब एरिया जानते हैं इसलिए मैं आपको रिक्वेस्ट करता हूं कि उस टाइगर को इम्मीडिएटली हटाकर बड़े जंगल में छोड़ना चाहिए। मैं कर्नाटक असेंबली से छह बार चुना गया हूं। उधर अगर जीरो ऑवर में कोई मुद्दा उठाते हैं, इम्पोर्टेंट मुद्दा उठाते हैं तो मिनिस्टर उसका जवाब देते हैं, इधर क्यों नहीं देते हैं? इधर लेड हो जाता है।

माननीय अध्यक्ष : 377 में जवाब मिलता है।